**ऐतिहासिकः देश में 71 करोड़ वयस्कों को पहली और 29 करोड़ को दूसरी खुराक लगी**

# देश को सौ करोड़ टीकों का कोरोना कवच:मोदी

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

भारत ने कोरोना टीकाकरण की दिशा में गुरुवार को इतिहास रच दिया। देर रात तक कुल 100 करोड़ 62 लाख से अधिक टीके लगाए गए। दुनिया में चीन के बाद भारत दूसरा ऐसा देश है, जो यह मुकाम हासिल कर पाया। देश में अब तक 71.09 करोड़ वयस्क आबादी को टीके की एक खुराक और करीब 29.52 करोड़ लोगों को दोनों खुराक मिल चुकी हैं।

इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन इतिहास में दर्ज हो गया है। एम्स के झज्जर परिसर में बने राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अब देश के पास सौ साल की सबसे बड़ी महामारी से मुकाबला करने के लिए 100 करोड़ खुराक का मजबूत सुरक्षा कवच है। यह भारत की, भारत के हर नागरिक की उपलब्धि है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने ट्वीट कर कहा, बधाई हो भारत !'

› देश के लिए बड़ी उपलब्धि पेज 12



नई दिल्ली स्थित राम मनोहर लोहिया अस्पताल में गुरुवार को वाराणसी के दिव्यांग अरुण राय को सौ करोड़वां टीका लगाया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। उन्होंने चिकित्साकर्मियों, नर्सों की सराहना की। • एएफपी

“ भारत ने इतिहास रच दिया। यह भारतीय विज्ञान, उद्यम और 130 करोड़ भारतीयों की सामूहिक भावना की जीत है। भारत में टीकों की 100 करोड़ खुराक दिए जाने पर बधाई। हमारे चिकित्सकों, नर्सों और इस उपलब्धि में योगदान देने वालों के प्रति आभार।

–नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

**अहम पड़ाव**




## संभावना

- रोजाना 43 लाख टीके लगे। अगले 63 दिनों में 10% को टीका लगेगा
- इस साल के अंत तक सभी वयस्कों के टीकाकरण का लक्ष्य
- बच्चों के टीकाकरण के लिए भी सरकार की तैयारी लगभग पूरी है

## सांसत

- दुनिया के करीब 57 देशों में संक्रमण के मामले अब भी बढ़ रहे
- रूस में रोजाना एक हजार से अधिक मौत हो रहीं, लोगों को घरों पर रहने का आदेश
- चीन में कई जगह लॉकडाउन लगा

## गर्व : सौ करोड़ में 12 फीसदी टीके यूपी में लगाए गए

लखनऊ। भारत को सौ करोड़ कोरोना टीके लगाने वाला विश्व का पहला देश बनाने में यूपी की अहम भूमिका है। कुल टीकाकरण में 12% हिस्सेदारी यूपी की है।

› ब्योरा पेज 12